# मालपुरा व टोडारायसिंह क्षेत्र में ठेकों पर चौबीस घंटे बिक रही शराब

## स्टेट हाईवे से 500 मीटर के दायरे में मालपुरा शहर में चल रहे शराब ठेके

**मालपुरा,** (निस) मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के 56 ग्राम पंचायत क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार द्वारा 34 अधिकृत शराब की दुकाने आवंटित किये जाने के आदेशों के विपरीत विधानसभा क्षेत्र में चार दर्जन से अधिक शराब ठेकों के संचालित होने तथा स्टेट हाईवे से 500 मीटर के दायरे मे मालपुरा शहरी क्षेत्र मे चल रहे शराब ठेको पर चौबीस घंटे धडल्ले से शराब की की बिक्री होने के बावजूद पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा चुप्पी सादे रहे। मालपुरा शहर से होकर गुजर रहै जयपुर -भीलवाडा व दूदू छाण स्टेट हाईवे सहित मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर 500 मीटर क्षेत्र के दायरे मे संचालित शराब ठेकों पर कार्यरत कार्मिक ठेके के बाहर कुर्सी लगा आधा शट्टर खोल कर धडल्ले से शराब की बिक्री कर रहे है।




मालपुरा शहर में रात साढे दस बजे तक खुला शराब ठेका।

समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद भी देर रात तक ठेके खुले होने के दौरान पुलिस का गश्ती दल इन ठेको के सामने से होकर तो गुजरता है लेकिन नियम-कायदो की उडती धज्जियों पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है। कई बार अल सवेरे से देर रात तक शराब ठेको पर शराबियों की आवाजाही व आस-पास की आवासीय कॉलोनियों मे शराबियों के जमघट लगे होने की शिकायते पुलिस व आबकारी अधिकारियों को की जाती रही है लेकिन किसी ने भी कार्यवाही करना मुनासिब नही समझा। आबकारी विभाग व शराब माफियाओं के बीच चल रहै सांठ-गांठ के इस गौरखधंधे को लेकर प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मिडिया में फोटो सहित खबरें प्रकाशित होने के बावजूद विभागीय कार्यवाही नही होने से ठेकों पर कार्यरत कार्मिकों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

■ स्टेट हाईवे से 500 मीटर के दायरे में मालपुरा शहरी क्षेत्र में चल रहे शराब ठेके

शहर मे संचालित तीनों ही शराब ठेकों का आलम यह है कि प्रात: 4 बजे शराब ठेके खुलते हैं जो कि रातभर खुले रहते हैं। आबकारी विभाग व स्थानीय पुलिस अवैध शराब के इस गौरखधंधे पर कार्यवाही से क्यों कतरा रहा है। यह सब पहलू दोनो के बीच आपसी सांठ-गांठ का अंदेशा दर्शा रहा है।

# विद्युत केन्द्र पर करंट से संविदा कर्मी की मौत

## देर से पहुंचने पर ग्रामीणों ने कनिष्ठ अभियंता के साथ की हाथापाई एवं गाड़ी में तोड़फोड़



अलवर के राजगढ़ में घटना से उपजे आक्रोश के बाद ग्रामीणों ने जेईएन के साथ हाथापाई की।

**राजगढ़,** (निसं)। अलवर राजगढ़ क्षेत्र के धमरेड विद्युत केंद्र पर विद्युत लाइन का कार्य करते समय करंट आ जाने से संविदा कर्मी की मौत हो गई । इधर संविदा कर्मी की मौत की सूचना से एक ग्रामीण जमा हो गए वहीं विद्युत निगम के अधिकारियों के देरी से आने के कारण कनिष्ठ अभियंता के साथ ग्रामीणों ने हाथापाई की एवं गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। इधर एसडीएम ओपी मीणा ने ग्रामीणों को नियम अनुसार उचित सहायता देने का आश्वासन दिया इसके बाद ग्रामीण राजगढ़ सीएससी में पोस्टमार्टम को सहमत हुए।

राजगढ़ के दुब्बी निवासी प्रकाश मीणा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसका बड़ा भाई मोहन लाल मीणा पुत्र बोधन लाल करीब 48 वर्ष पिछले 10 12 वर्षों से विद्युत केंद्र पर कार्य करता था। इधर ही विद्युत निगम के अधिकारियों को 2 ब्रैकेट से सप्लाई होने की जानकारी दे दी गई मगर विद्युत निगम के अधिकारियों ने समय पर शिकायत को नहीं सुना जिसके चलते मेरे भाई मोहन लाल की अधिकारियों के दबाव के चलते कार्य करने के कारण मृत्यु हो गई। इधर इस हादसे की सूचना पर आस-पास के गांव के लोग जमा हो गए एवं अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे।

■ एसडीएम ओपी मीणा ने नियमानुसार सहायता देने का दिया आश्वासन

सरपंचों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में तहसीलदार जुगिता मीणा एवं एसडीएम ओपी मीणा सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे एवं समझा इसकी तो ग्रामीण नहीं माने। ग्रामीणअधिकारियों से भारी राशि एवं नौकरी देने की मांग करने लगे जिस पर एसडीएम ओपी मीणा ने समझाइश कर नियम अनुसार सहायता देने का आश्वासन दिया। करीब 7 घंटे के बाद ग्रामीण मृतक के शव को राजगढ़ सीएससी में लाने को सहमत हुए।

# धारा 144 लागू, कैसे हो रामलीला का आयोजन ?

**हिण्डौन सिटी,** (निस)। कोरोना काल के 2 साल बाद प्रशासन द्वारा धार्मिक कार्य और त्योहारों को देखते हुए जिले में धारा 144 लागू करने से सभी लोगों को धार्मिक और सामूहिक कार्य करने में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी को मद्देनजर रखते हुए शहर में सालों से चली आ रही रामलीला और दशहरा की परंपरा मनाने पर भी संकट है। इसको लेकर पार्षदों में नाराजगी है। गुरुवार को पार्षदों ने एसडीएम अनूप सिंह से त्योहार मनाने की मांग की। जिले में धारा 144 लागू होने के कारण रामलीला और दशहरा मेला परमिशन पर अटक गया है। जिससे पार्षदों ने नाराजगी जताई है।

पार्षदों ने एसडीएम से राम बारात, रामलीला और दशहरा मेला आयोजन मनाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया है।

■ नाराज पार्षदों ने की दशहरा मेले की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वहीं इस मामले में एसडीएम अनूप सिंह ने कलेक्टर से वार्ता कर जवाब देने का आश्वासन दिया है। नगर परिषद हिण्डौन के पार्षद भगवान सिंह गुर्जर, गोपेंद्र पावटा,केशू हरसाना, शिव कुमार सैनी, नरेंद्र कुमार, विजयपाल, माया देवी, उदय सिंह धाकड़, अजय मावई, भूपेंद्र शर्मा आदि ने बताया कि हिंडौन शहर में सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाता है। हिंडोन क्षेत्र में भाईचारा का अनुपम उदाहरण देखने को मिलता है। ऐसे में किसी भी प्रकार का धार्मिक उन्माद क्षेत्र में अभी तक पैदा नहीं हुआ है।

लेकिन प्रशासन द्वारा धारा 144 की तलवार सभी धर्म के लोग के लिए लटका दी गई है। जिससे प्रशासन चिंता मुक्त हो जाता है और आम जनता के लिए अपने प्रयोजन कार्यक्रमों को करने के लिए असमंजस की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे ना केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है बल्कि क्षेत्र की संस्कृति पर विपरीत असर पड़ता है। पार्षदों ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में पूर्व में पशु मेला, कवि सम्मेलन, राम बारात, दशहरा मेला, दुर्गा पूजा सहित सभी धार्मिक त्योहारों को लोग बड़े धूमधाम से मनाते थे। मगर प्रशासन की हठधर्मिता के चलते इन कार्यक्रमों का आयोजन लगभग बंद सा हो गया है।

# हौद में गिरने से दो भाईयों की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। घर के आंगन में खेल रहे दो भाईयों की हौद में डूबने से मौत हो गई। हादसे के दौरान मां बाथरूम में थी और पिता काम पर गए थे। मां ने जब बेटों को ढूंढा तो नहीं मिले। हौद में जाकर देखा तो दोनों बेटों की लाश तैर रही थी।

मामला देशनोक थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे की है। जानकारी के अनुसार शिवलाल खुद सुबह छह बजे मजदूरी पर चला गया था। सुबह उसकी पत्नी नहाने गई और वापस आई तो दो बेटे विष्णु (ढ ाई साल) और हरिओम (डेढ़ साल) नजर नहीं आये। काफी देर इधर-उधर ढूंढ ने के बाद उसकी नजर घर के आंगन में बने कुंड पर पड़ी जो खुला था। अंदर झांककर देखा तो मां का कलेजा ही बैठ गया। दोनों बच्चों की लाश पानी में तैर रही थी। उसने पड़ौसियों को बुलाया तो बच्चों को बाहर निकाला गया। बच्चों की लाश देखकर मां बेसुध हो गई। शिवलाल को पड़ौसियों ने ही फोन करके बुलाया। तुरंत बच्चों को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। काफी देर तक बच्चे इस कुंड में रहे। ऐसे में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिए हैं।

हादसा लापरवाही के कारण हुआ। घर के आंगन में ही हौद बना हुआ है। हौद का गेट है लेकिन वो खुला पड़ा था। ऐसे में ढाई व डेढ़ साल के बच्चे खेलते हुए वहां पहुंच गए। एक के बाद एक दोनों इस हौद में गिर गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद कस्बे में शिवलाल के घर के आगे भीड़ जमा हो गई है।

# चूरू में तहसील स्तरीय दिव्यांग शिविर प्रशासन की लापरवाही का शिकार बना



दिव्यांगजन चिन्हीकरण शिविर देर से शुरू होने पर दिव्यांगजन आक्रोशित दिखे।

चूरू, (कासं)। चूरू पंचायत समिति परिसर में आयोजित दिव्यांगजन चिन्हीकरण शिविर प्रात: 10 बजे की बजाय दोपहर 12 बजे तक शुरू हुआ।

टेंट के दाम हजम करने के लिए अधिकारियों और चिकित्सकों के बैठने की व्यवस्था हॉल में कर दी गई जबकि दिव्यांगजन नीचे ही बैठे रहने को मजबूर रहे। दिव्यांगों के लिए बैठने के अलावा पेयजल की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। परेशान दिव्यांगों ने अख्तर खान रुकनखानी, ओम प्रकाश कस्वां, समाज सेवी महबूब खान आदि संस्थाओं के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चिकित्सकों व अधिकारियों की शिविर में गैरमौजूदगी के कारण दूर दराज से आए दिव्यांगों को बहुत परेशानी हुई। मीडिया कर्मियों के पहुंचने के बाद तहसीलदार मौके पर पहुंचे लेकिन परेशान दिव्यांग जनों ने अधिकारियों को बाहर बैठाने या उन्हें अंदर पहुंचाने की व्यवस्था करने की मांग की।

बाद में एसडीएम सत्यनारायण सुथार भी शिविर में आए। शिविर में दिव्यांगों की पहचान कर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाने थे। दिव्यांगों को किसी उपकरण की आवश्यकता का चिन्हीकरण किया जाना था। दिव्यांग तो निर्धारित समय पर पहुंच गए लेकिन यह काम करने वाले अधिकारियों का कोई अता-पता ही नहीं था। लोहसना बड़ा निवासी मनीष कुमार प्रजापत ने बताया कि 4 साल से उसका यू डी आई टी कार्ड नहीं बन रहा है। लादडिया निवासी श्योपाल मेघवाल ने बताया कि 15000 रुपए खर्च करने के बाद भी आज तक उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बना। इस कारण से उसे पेंशन भी नहीं मिलती है।

वार्ड नंबर 24 चूरू निवासी धनराज मेघवाल ने बताया कि उसे 2 साल बाद भी नई बैसाखी व ट्राई साइकिल नहीं मिली है। इसी प्रकार सिरसला निवासी राजेंद्र सिंह राठौड़, लोहसना बड़ा निवासी राम कुमार प्रजापत आदि भी अधिकारियों की लापरवाही के कारण परेशान हुए। शिविर समाप्त होने से पहले यहां प्रधान दीपचंद राहड़ और मनोरोग चिकित्सक के बीच जमकर फ-फा हुई। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चूरू के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला ने कहा कि सारी जिम्मेवारी एसडीएम को सौंपी गई थी। समय पर शिविर की तैयारियां पूरी नहीं की गई और आनन-फानन में शिविर आयोजित किया गया।

# 20 दिन की नन्ही पार्थवी के दंपती ने खुलवाया सुकन्या समृद्धि खाता

**डूंगरपुर,** (निसं)। नगरपरिषद एवं डाक विभाग के सयुक्त तत्वावधान में शुरू हुए तीन दिवसीय डाक बचत बैंक शिविर में शहरवासियों का हुजूम रहा। गुरूवार को नगरपरिषद परिषद् में लगाए गए। शिविर में सुबह से ही परिजन अपनी बेटियों और परिजन की बचत योजना की जानकरी को लेकर आना शुरू हो गए। डाक विभाग के काउंटर पर डाक कर्मचारी प्रत्येक शहरवासी को विस्तृत जानकरी देकर संतुष्ट जवाब देते नजर आये।

■ डाक बचत बैंक शिविर में दूसरे दिन शहरवासियों का लगा ताता

सभापति अमृत कलासुआ और उपसभापति सुदर्शन जैन ने दूसरे दिन के शिविर का निरीक्षण किया। सभापति ने शिविर में आवेदनों की जानकारी ली एवं शिविर के प्रचार प्रसार हेतु परिषद कार्मिकों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बेटियों के शुरू की गयी सुकन्या समृद्धि योजना को प्रत्येक बेटी के माता पिता अपनाना चाहिए क्योकि बेटियों की पढ ाई से लेकर उनकी शादी तक की बचत इन खाते के माध्यम से सुनिश्चित की जा सकती है वही डाक विभाग की अन्य योजनाए भी बहुत ही लाभकारी है। शहरवासी एक बार शिविर में आकर विभाग की योजनाओ की जानकारी ले सकते है। दूसरे दिन शिविर में शहरवासियों के साथ साथ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की




नन्ही पार्थवी के दम्पत्ति को खाता खोलकर पासबुक देते पोस्ट ऑफिस के अधिकारी।

शारीरिक शिक्षिका दीपिका श्रीमाल अपने भाई निशांत श्रीमाल की 20 दिन की बेटी का खाता खुलवाने शिविर में आई और अपने भाई के साथ बेटी का खाता खुलवाया।

वहीं श्रीमाल ने विद्यालय की 25 से अधिक बेटियों का सुकन्या समृदि योजना से भी खाता खुलवाया है। इधर डाक विभाग के अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय डाक बचत बैंक शिविर में दूसरे दिन शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 50 से अधिक खाते खोले गए। एक्सीडेंटल बीमा, 30 नए आधार 40 और आधार अपडेशन 3 लोगों के किये गए। उन्होंने बताया कि शिविर को लेकर शहरवासियो का उत्साह चरम पर है।

# छबड़ा की बेटी पहुंची कौन बनेगा करोड़पति शो में

**छबड़ा,** (निसं)।शुक्रवार को रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले कौन बनेगा करोडपति शो में छबडा की निवासी सिमरन गौरी पुत्री मकसुद अली का चयन होने पर कस्बे में खुशी का माहौल है। हर किसी का यही कहना है कि छबड़ा की बेटी ने कौन बनेगा करोड़पति में भाग लेकर कस्बे का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है।

इस उपलब्धि के बारे में किसी को भी पता चल रहा है तो हर कोई सिमरन को बधाई दे रहा है। सिमरन बताया कि वे कई वर्षों से प्ले अलोन्ग खेलकर केबीसी के मंच तक जाने का प्रयास कर रही थी और इस वर्ष सीजन 14 में उन्हें यह अवसर प्राप्त हुआ है। सिमरन गौरी छबड़ा से दूसरी प्रतिभागी है जो केबीसी के मंच तक पहुंचने में सफल हुई है। सिमरन गौरी के बड़े भाई तनवीर आलम ने बताया कि सोनी टीवी पर 23 सितंबर को प्रसारित होने वाले शो की शूटिंग के लिए केबीसी की टीम की तरफ से सिमरन को मुम्बई आमन्त्रित किया गया था, जिसमें वो भी सिमरन के साथ मुंबई गए थे वहां उन्हें भी अमिताभ बच्चन से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ।

# रेलवे फाटक पर मिला युवक का शव

**बयाना,** (निसं.)। बयाना-भरतपुर स्टेट हाईवे के सालाबाद रेलवे फाटक के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। युवक का शव सड़क सहारे लावारिस हाल में पड़ा मिला। रेलवे फाटक के गेटमैन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की जेब में मिले आई कार्ड से उसकी शिनाख्त की। मृतक वैर थाना इलाके के गांव लुहासा का रहने वाला 45 वर्षीय रामदयाल पुत्र मंगल धाकड़ बताया है।

पुलिस ने गुरुवार को मृतक का बयाना सीएचसी में पोस्टमार्टम व पंचनामा की कार्रवाही कर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई की ओर से पुलिस में मर्ग रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लुहासा निवासी गनीराम ने बताया कि उसका छोटा भाई रामदयाल बुधवार रात करीब 10 बजे हिण्डौन से पैसेंजर ट्रेन से आया था और सालाबाद स्टेशन उतरा था। जहां से वह रेलवे फाटक के पास सड़क सहारे खड़ा होकर रिश्तेदारी के गांव नगला मेघसिंह जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। जहां उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

# गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पुलिस ने गैंगरेप के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने महिला को ऑनलाइन काम दिलवाने के नाम पर पंजाब से बुलाकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में गैंपरेप की बात कबूल कर ली है। सीओ सिटी प्रशांत कौशिक ने बताया कि पंजाब की रहने वाली महिला ने पुलिस थाने में गैंगरेप का मामला दर्ज कराया था। महिला ने पुलिस को बताया कि रामकुमार नाम के व्यक्ति से उसकी जान-पहचान काफी समय पहले हुई थी। आरोपी रामकुमार ने ऑनलाइन काम दिलवाने के नाम पर महिला को हनुमानगढ़ बुलाया और बस स्टैंड से अपने साथी मनी के साथ 19 सितम्बर को हिरणावाली के पास खेत में ले जाकर दोनों ने गैंगरेप किया। मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने गैंगरेप की बात कबूल कर ली। जिसके बाद पुलिस ने गुरूवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार:-** नाबालिग स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में महिला थाना पुलिस ने गुरूवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। छात्रों ने 24 अगस्त को 2 युवकों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया था। जांच अधिकारी एससीएसटी सेल सीओ प्रहलाद राय ने बताया कि गांव मुण्डा निवासी 17 वर्षीय स्कूली छात्रा ने 24 अगस्त को महिला पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कि उसके गांव के मुकेश भाट पुत्र हनुमान भाट और प्रेम भाट स्कूल जाते समय उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हैं। इस मामले में आरोपी प्रेम कुमार भाट निवासी मुण्डा पीएस हनुमानगढ़ टाउन को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में दूसरा आरोपी मुकेश भाट फरार चल रहा है।

# अवैध शराब रखने के आरोप में कारावास

**सुजानगढ़,** (निसं)। अवैद्य शराब रखने के 12 साल पुराने प्रकरण में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत अग्रवाल ने आरोपी विजयसिंह को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गांव जीली से पर्वतसिंह के मकान से 48 कार्टून अवैद्य देशी शराब बरामद की, जबकि आरोपी विजयसिंह मौके से फरार हो गया। जिसे पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एपीपी नेहरा ने बताया कि अभियोजन की ओर से कुल 14 गवाहों के बयान करवाए गए तथा कुल 17 दस्तावेज न्यायालय में प्रदर्शित किए गए। अभियोजन की ओर से न्यायालय में उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णय भी पेश किए गए। एसीजेएम नवनीत अग्रवाल ने सभी पक्षों को सुनते हुए आरोपी विजयसिंह को तीन वर्ष के कारावास एवं 2० हजार रूपये के जुर्माने की सजा से दण्डित किया है। अदम अदायगी नहीं होने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

# आदि महोत्सव में जनजाति लोककलाओं के साथ दिखेगी बहुरंगी संस्कृतियों की झलक

## आदि महोत्सव-2022 (कोटडा) की तैयारियां परवान पर

**उदयपुर,** (कासं)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उदयपुर जिले के सबसे सुरम्य आदिवासी अंचल कोटडा में आयोजित होने वाले दो दिवसीय आदि महोत्सव की तैयारियां परवान पर है।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग और जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस महोत्सव के तहत जिला कलक्टर ताराचंद मीणा के निर्देशन में टीम उदयपुर आयोजन को साकार बनाने में जुटी हुई है। इस भव्य आयोजन में आने वाले हर बाशिंदे को लोक संस्कृति के साथ विविध संस्कृतियों का समन्वय देखने को मिलेगा। ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे ऐतिहासिक नवाचार आदि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

जिला कलक्टर द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ को चार चल शौचालय, फायर ब्रिगेड व भोजन व्यवस्था के लिए संबंधित फर्म को आदेशित करने से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार जिला रसद अधिकारी बिजल सुराणा को भोजन व्यवस्था, उपखण्ड अधिकारी कोटडा हनुमान सिंह राठौड को कलाकारों एवं अतिथियों की आवास व्यवस्था, वन विभाग के अधिकारियों को पर्यटकों के लिए पानरवा में एडवेंचर स्पोर्ट्स, ट्रेकिंग, ट्री वॉक, नाल साण्डोल में झीप लाईन, वाटर रोलिंग आदि गतिविधियों को संपादित करने के लिए समस्त व्यवस्थाएं करने के दायित्व सौंपे हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग कोटडा के अधिशाषी अभियंता आर.एन. मीणा को डाक बंगला पानरवा की सम्पर्क सडक को सही करवाने तथा आमलेटा घाट में गति अवरोधक लगाने, संकेतक बोर्ड लगाने तथा कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक साफ-सफाई की व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं।

■ विश्व पर्यटन दिवस पर उदयपुर के कोटडा में होगा महोत्सव

इसी प्रकार उप निदेशक टीआरआई महेश जोशी को निमंत्रण पत्र तैयार करने, अतिथियों के स्वागत-सत्कार की व्यवस्था तथा महोत्सव की राशि को हस्तांतरित करने के लिए पत्रावली चलाने, बिजली विभाग कोटडा के अधिशाषी अभियंता को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई कराने, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता को पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। महोत्सव का शुभारंभ 27 सितंबर को प्रात: 11 बजे होगा। दोपहर 2 बजे से अपराह्न 4 बजे तक परम्परागत खेलों का आयोजन होगा। दूसरे दिन 28 सितंबर को पूरे दिन प्रात: 11 बजे से सायं 5 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।